Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-02-2007

Participants : Yadav Shri M. Anjan Kumar

an>

Title: Need to take steps to facelift the city of Hyderabad-laid.

श्री एम. अंजनकुमार यादव (सिकन्दराबाद) : अध्यक्ष महोदय, हैदराबाद भारत की एक सांस्कृतिक नगरी है जहां की आबादी 60 से 70 लाख के करीब है तथा जिसमें कई सम्प्रदाय के लोग शांतिपूर्वक रहते हैं, दक्षिण भारत का एक व्यापारिक क्षेत्र बनता जा रहा है और इस नगरी ने सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है जिसके कारण विदेशी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं, परंतु हैदराबाद में जगह जगह फैली गंदगी और बिना योजनागत ढांचे के कारण हैदराबाद की सुन्दरता को ठेस पहुंच रही है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि हैदराबाद शहर को सुंदर बनाने हेतु केन्द्र स्तर पर प्रयास किये जाएं।

---

* Treated as laid on the Table.